an>

title: Need to conduct an enquiry into the alleged irregularities in various competitive examinations conducted by U.P.P.S.C.

श्री केशव प्रसाद मौर्य **(फूलपुर):** उपाध्यक्ष जी, यह प्रश्न इलाहाबाद में जो मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर स्थित लोक सेवा आयोग का जो कार्यालय है, उसके अध्यक्ष के पद पर एक अयोग्य व्यक्ति की नियुक्ति होने के बाद से लगातार वहां सम्पन्न हो रही परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वहां के प्रतियोगी छात्र आंदोलित हैं और वे सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। वे अध्यक्ष को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे हैं। उन पर बर्बरता से लाठी चार्ज, उनकी गिरफ्तारी, उनके ऊपर आपराधिक मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। जो जनप्रतिनिधि उनके बीच में जा रहे हैं, उन पर भी बल प्रयोग किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को बर्खास्त करने, सीबीआई द्वारा जांच कराने और प्रतियोगी छात्र जिनके ऊपर भविष्य में देश को चलाने का दायित्व है, मेरा सरकार से अनुरोध है कि उन छात्रों के खिलाफ जो फर्जी आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये हैं, उन मुकदमों को वापस लेकर उनको जेल से रिहा किया जाए। देश को चलाने के लिए वहां एक ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष पद पर बैठ गया है, जिसके ऊपर स्वयं 2003 में एक विवाद था और हाईकोर्ट में वह मामला विचाराधीन है। मैं मांग करता हूं कि अध्यक्ष पद से उनको बर्खास्त करके वहां एक ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाए जो वास्तव में निष्पक्ष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं को सम्पन्न करा सकें।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER: I cannot allow the name to be taken. The name cannot be brought in. You cannot take the name.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Rajendra Agrawal and Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Keshav Prasad Maurya.